>

Title: Regarding flood and drought situation in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज- बिहार): अध्यक्ष महोदया, पूरा बिहार बाढ़ और सूखे की चपेट में आ चुका है। अब बिहार सरकार की तरफ से कोई भी राहत सामग्री नहीं दी जा रही है।...(व्यवधान) यहां तक कि पशुओं के लिए चारे की भी कोई व्यवस्था नहीं है। पशु भी वहां मरने लगे हैं। बिहार सरकार निकम्मी साबित हो चुकी है। इसलिए केन्द्र सरकार को हस्तक्षेप करके बिहार के बाढ़ और सूखा प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था करानी चाहिए।...(व्यवधान) इसके अलावा केन्द्र से तत्काल एक सर्वेक्षण दल वहां भेजा जाए। अगर बिहार सरकार मांग नहीं भी करती है, तो भी बिहार की जनता को राहत पहुंचाने के लिए यथाशीघ्र केन्द्र सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए। यही मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है।...(व्यवधान)